नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025
**अत्यावश्यक**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-28/2025 - 3240

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

सेवा में,

जिला दण्डाधिकारी -सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
बेगुसराय, भागलपुर, भोजपुर, गोपालगंज,
जहानाबाद, खगड़िया, मुंगेर एवं मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक - 28.7.25

**विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025 : नव निर्वाचित पार्षदों को शपथ ग्रहण कराने के संबंध में।**

**प्रसंग : नगर विकास एवं आवास विभाग का अधिसूचना संख्या 2152 दिनाक 25.07.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के अन्तर्गत उप निर्वाचन के निमित्त मतदान दिनांक 28.06.2025 को तथा दिनांक 30.06.2025 को मतगणना उपरान्त निर्वाचन संबंधी सभी प्रक्रियाएँ समाप्त हो गई हैं। प्रासंगिक अधिसूचना द्वारा नगर निगम, बेगूसराय, नगर परिषद, बखरी (बेगूसराय), नगर निगम, भागलपुर, नगर निगम, आरा, नगर पंचायत, शाहपुर, नगर पंचायत, पीरो (भोजपुर), नगर पंचायत, हथुआ (गोपालगंज), नगर पंचायत, मखदुमपुर (जहानाबाद) नगर परिषद, खगड़िया, नगर निगम, मुंगेर, नगर परिषद, हवेली खड़गपुर (मुंगेर) एवं नगर परिषद, साहेबगंज (मुजफ्फरपुर) के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों के नाम का प्रकाशन राजकीय गजट में कर दिया गया है, पंत्र के साथ संलग्न है।

2. बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 15 के अन्तर्गत नगरपालिकाओं के नव निर्वाचित पार्षदों को शपथ-ग्रहण सम्पन्न किया जाना है।

3. **उक्त परिप्रेक्षेय में आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निम्नांकित निदेश दिये गये हैं :-**

**शपथ-ग्रहण का कार्यक्रम**

(क) सभी नव निर्वाचित पार्षदों को **दिनांक 08.08.2025 को शपथ-ग्रहण की कार्रवाई सम्पन्न की जाय।**

(ख) **नगर निगम के पार्षदों पार्षदों के मामले में** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 1652 दिनांक 15.05.2012 (पत्र संलग्न) से जिला पदाधिकारी को प्राधिकृत किया गया है अतः **जिला पदाधिकारी अपने जिले के नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों का शपथ-ग्रहण सम्पन्न करायेंगे।**

(ग) **नगर परिषद के मामले में** जिला पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद के निर्वाचित पार्षदों के **शपथ-ग्रहण कराने के लिए जिला के अपर समाहर्त्ता स्तर के पदाधिकारी को नियुक्त की जायेगी।** उक्त स्तर के

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

पदाधिकारियों की कमी होने पर **जिला पदाधिकारी उप सचिव स्तर के पदाधिकारियों को भी नियुक्त कर सकेंगे।**

(घ) **नगर पंचायत के मामले में** जिला पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायतों के निर्वाचित पार्षदों के **शपथ–ग्रहण कराने के लिए जिला में पदस्थापित वरीय उप समाहर्त्ता या उससे ऊपर के पदाधिकारियों को नियुक्त की जायेगी।**

**बैठक की सूचना एवं तामिला**

पार्षदों को संलग्न **प्रपत्र ''क''** में सूचना देकर शपथ ग्रहण हेतु बुलाई गई बैठक की लिखित सूचना शपथ-ग्रहण कराने वाले पदाधिकारी द्वारा पार्षदों को **पूरे सात दिन पूर्व यानि दिनांक 31.07.2025 तक बैठक के स्थान, तिथि एवं समय की सूचना तामिला करा दिया जाना बैधानिक अनिवार्यता है।** प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधियों को ससमय सूचना तामिला कराने की पुरी जिम्मेवारी संबंधित पदाधिकारी की होगी।

**बैठक की कार्यवाही**

(क) बैठक में भाग लेने वाले सभी निर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति ली जाएगी तथा **बैठक की कार्यवाही** अंकित की जाएगी जिसमें शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान कराने वाले अधिकृत पदाधिकारी सहित सभी उपस्थित पार्षदा का **हस्ताक्षर** होगा।

(ख) बैठक को प्रारंभ करते हुए संबंधित पदाधिकारी द्वारा संलग्न **'प्रपत्र–ख'** में उपस्थित सभी निर्वाचित पार्षदों को शपथ/प्रतिज्ञान करवाया जाएगा।

(ग) उक्त बैठक के लिए अन्य कोई भी मुद्दा विचारणीय नहीं रखा जाएगा।

(घ) शपथ-पत्र को आयोग के वेबसाईट पर उसी दिन अपलोड कराना सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही इसकी सूचना राज्य निर्वाचन आयोग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को दी जायेगी।

(ङ) बैठक के दिन व्यापक विधि–व्यवस्था का संधारण किया जाय एवं मिडिया कर्मियों के निमित्त स्थान चिह्नित कर व्यवस्था की जाय।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक – अधिसूचना,
प्रपत्र-क एवं प्रपत्र-ख

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 28/7/25
सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-28/2025 - 3240 पटना, दिनांक – 28.7.25

प्रतिलिपि, आई.टी.मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 28/7/25
सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-28/2025 - 3240 पटना, दिनांक – 28.7.25

प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त, पटना, मुंगेर, सारण, भागलपुर, मगध एवं मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 28/7/25
सचिव।

D:\pm5\NGR_Bye_E_23.pmd\231

ज्ञापांक -न.नि.50-28/2025 - 3240 पटना, दिनांक – 28.7.25

प्रतिलिपि, सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-28/2025 - 3240 पटना, दिनांक – 28.7.25

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-28/2025 - 3240 पटना, दिनांक – 28.7.25

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव।

# प्रपत्र–क

सेवा में,

श्री/श्रीमती/सुश्री ................................................ ,

निर्वाचित पार्षद, वार्ड संख्या ......../उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद*

नगरपालिका – .................................................... ।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 15 एवं नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 (यथा संशोधित) के नियम 112 के प्रावधानों के तहत् निर्वाचित पार्षदों/बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 24 एवं नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 (यथो संशोधित) के नियम 112 के प्रावधानों के तहत् निर्वाचित उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद* के शपथ ग्रहण हेतु बैठक दिनांक ................. को .......बजे पूर्वाह्न में ......................... ................................................ में की जाएगी। निर्धारित समय से एक घंटे की अवधि के भीतर नहीं आने पर आपको बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

स्थान -............ | शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान कराने वाले अधिकृत पदाधिकारी

दिनांक - .......... | नगरपालिका – ..........................................

* जो लागू न हो उसे काट दें।

# प्रपत्र–ख

**(वार्ड पार्षद के लिए)**

*(बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-15
एवं बिहार नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 का नियम-112)*

## शपथ/प्रतिज्ञान पत्र

मैं ......................... , जो ........................ नगरपालिका क्षेत्र का पार्षद निर्वाचित हुआ हूँ, ईश्वर की शपथ लेता/लेती हूँ और सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूँगा/रखूँगी तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला/वाली हूँ, उसके कर्त्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूँगा/करूँगी।

शपथ ग्रहण करने वाले पार्षद
का हस्ताक्षर।

शपथ कराने वाले पदाधिकारी
का हस्ताक्षर एवं पदनाम
मुहर

588

**बिहार सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**।। अधिसूचना।।**

संख्या–11/न0वि0/निर्वा0–04/2025–2152/न0वि0एवंआ0वि0/पटना, दिनांक–25/7/25

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा–35 तथा बिहार नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 के नियम–87 के प्रावधानों के अंतर्गत नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025 में बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, गोपालगंज, जहानाबाद, खगड़िया, मुंगेर एवं मुजफ्फरपुर जिला के नगरपालिकाओं (नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत) के निर्वाचित मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों के नाम जिलावार संलग्न अनुसूची में एतद् द्वारा सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किये जाते हैं।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

ह0/–
(मनोज कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–11/न0वि0/निर्वा0–04/2025– /न0वि0एवंआ0वि0/ पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, गजट शाखा, बिहार, पटना को सी0डी0 के साथ बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे इसका गजट प्रकाशन करने तथा इसकी 500 प्रतियाँ नगर विकास एवं आवास विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करेगे।

ह0/–
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–11/न0वि0/निर्वा0–04/2025–2152 /न0वि0एवंआ0वि0/ पटना, दिनांकः–25/7/25

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी–सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)/सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार/सभी नगर आयुक्त, नगर निगम/सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पंचायत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7/2025

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

588

## ।। अनुसूची ।।

| क्रमांक | जिला का नाम | नगर निकाय का क्र0सं0 | नगरपालिकाओं का नाम | अनुसूची |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेगूसराय | 1 | नगर निगम, बेगूसराय | अनुसूची– I |
| | | 2 | नगर परिषद, बखरी | |
| 2 | भागलपुर | 3 | नगर निगम, भागलपुर | अनुसूची– II |
| 3 | भोजपुर | 4 | नगर निगम, आरा | अनुसूची– III |
| | | 5 | नगर पंचायत, शाहपुर | |
| | | 6 | नगर पंचायत, शाहपुर | |
| | | 7 | नगर पंचायत, पीरो | |
| 4 | गोपालगंज | 8 | नगर पंचायत, हथुआ | अनुसूची– IV |
| 5 | जहानाबाद | 9 | नगर पंचायत, मखदुमपुर | अनुसूची–V |
| 6 | खगड़िया | 10 | नगर परिषद, खगड़िया | अनुसूची–VI |
| 7 | मुंगेर | 11 | नगर निगम, मुंगेर | अनुसूची–VII |
| | | 12 | नगर परिषद, हवेली खड़गपुर | |
| 8 | मुजफ्फरपुर | 13 | नगर परिषद, साहेबगंज | अनुसूची–VIII |

(586)

## अनुसूची–I

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर निगम, बेगूसराय के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | ऋतिका राज | अनुसूचित जाति / महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–I

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर परिषद, बखरी के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | सुबोध कुमार | अनुसूचित जाति / अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–II

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर निगम, भागलपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | गुनेश्वर मंडल | पिछड़ा वर्ग / अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर निगम, आरा के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 34 | श्री शम्भू कुमार | अनुसूचित जाति / अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची– III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर पंचायत, शाहपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 | मधुमाला कुमारी | अनारक्षित / महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची– III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर पंचायत, शाहपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 | उर्मिला देवी | पिछड़ा वर्ग / महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची– III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर पंचायत, पीरो के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | योगेन्द्र कुमार | अनारक्षित / अन्य | वार्ड पार्षद | |

585

## अनुसूची–IV

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर पंचायत, हथुआ के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | अमृत उज्जवल | पिछड़ा वर्ग/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–V

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर पंचायत, मखदुमपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | सोनी कुमारी | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VI

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर परिषद, खगड़िया के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | सुनीता कुमारी | पिछड़ा वर्ग/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर निगम, मुंगेर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21 | रौशनी नाज | पिछड़ा वर्ग/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर परिषद, हवेली खड़गपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | शिरीन नाज | पिछड़ा वर्ग/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VIII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2025, नगर परिषद, साहेबगंज के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24 | सुनीता देवी | पिछड़ा वर्ग/महिला | वार्ड पार्षद | |

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

25/7/2025

सरकार के संयुक्त सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।